ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष -26 | अप्रैल - I - 2024 | अंक - 01 | माउण्ट आबू | Rs.-12

शिव की कृपा पाने के लिए मन की सच्चाई सफाई ज़रूरी : दादी

ब्रह्माकुमारीज़ के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय पाण्डव भवन सहित सभी परिसरों में धूमधाम से मनाई गई 88वीं शिव जयंती

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय पांडव भवन, ज्ञानसरोवर, आध्यात्मिक संग्रहालय, शांतिवन, मानसरोवर, मनमोहिनी वन, आनंद सरोवर, सद्भावना भवन आदि विभिन्न परिसरों में शिव ध्वजारोहण व केक काटकर धूमधाम से शिव जयंती महोत्सव मनाया गया।

पाण्डव भवन-माउण्ट आबू। महाशिवरात्रि के कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. जयंती दीदी एवं राजयोगिनी ब्र.कु. मोहिनी दीदी ने कहा कि वर्तमान समय समूचे संसार को शान्ति की ज़रूरत है। विश्व कल्याणकारी शिव पिता परमात्मा से मन के तार जोड़ने पर तन, मन की सभी विकृतियों से मानव स्वतंत्र हो जाता है। मन के अंधकार से मुक्ति पाने से जीवन प्रकाशवान हो जाता है। संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. सुदेश दीदी ने कहा कि शिवरात्रि पर्व परमात्मा शिव अवतरण का सूचक है। संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. शशिप्रभा दीदी ने जीवन को ईश्वरीय मर्यादाओं के अनुरूप चलाने पर बल दिया। इस मौके पर यूएसए टेक्सास में ब्रह्माकुमारीज़ की निदेशिका ब्र.कु. डॉ. हंसा रावल, वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका ब्र.कु. उषा बहन, राजनीतिक सेवा प्रभाग अध्यक्ष ब्र.कु. बृजमोहन, मल्टी मीडिया प्रमुख ब्र.कु. करुणा, शिक्षा प्रभाग अध्यक्ष ब्र.कु. मृत्युंजय, ग्लोबल अस्पताल निदेशक डॉ. प्रताप मिड्ढा, साइंटिस्ट विंग के अध्यक्ष ब्र.कु. मोहन सिंघल, वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका ब्र.कु. डॉ. सविता दीदी, ब्र.कु. बसंत, ब्र.कु. रजनी बहन जापान, डॉ. हेमलता बहन त्रिनीडाड, ब्र.कु. चार्ली हॉग ऑस्ट्रेलिया आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में देश-विदेश से आये हज़ारों ब्र.कु. भाई-बहनें उमंग-उत्साह के साथ शामिल हुए।

संस्थान की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी ने कहा कि परमात्मा शिव भोलेनाथ हैं जो हर मनुष्य आत्मा पर कृपा बरसाते हैं। वे इस धरा पर अवतरित होकर 88 वर्षों से मानव को अज्ञान अंधकार से मुक्ति दिलाने का सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रहे हैं। आप भी उनकी कृपा और वरदानों का अनुभव कर सकते हैं। इसके लिए बस मन की सच्चाई-सफाई आवश्यक है।

विश्व कल्याणार्थ 9 कन्याओं ने किया जीवन समर्पित

कासगंज-उ.प्र.। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित दिव्य अलौकिक 'समर्पण समारोह' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री बी.एल. वर्मा ने शुभकामनायें देते हुए कहा कि संस्था का समाज के प्रति त्याग, तपस्या तथा सेवा का कार्य अनुकरणीय है। क्षेत्रीय सांसद राजवीर सिंह ने भी अपनी शुभकामनायें दी। इलाहाबाद से आईं राजयोगिनी ब्र.कु. मनोरमा दीदी ने कहा कि जीवन सब जीते हैं परन्तु मूल्य उसका होता है जो अपने साथ सभी के कल्याण के लिए जीते हैं। माउण्ट आबू से आईं राजयोगिनी ब्र.कु. ऊषा दीदी तथा संस्था के कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग के उपाध्यक्ष राजयोगी ब्र.कु. राजू भाई ने भी कार्यक्रम के प्रति शुभकामनायें व्यक्त की। कासगंज सबज़ोन संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. सरोज दीदी ने कहा कि यह समर्पण समारोह विश्व कल्याण के कार्य में परमात्मा शिव पर अपना सर्वस्व समर्पित करने का एक उत्सव है। तिनसुकिया असम से आईं राजयोगिनी ब्र.कु. रजनी दीदी ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन छत्तीसगढ़ की ब्र.कु. राखी बहन ने किया। गायक ब्र.कु. युगरतन ने मधुर गीतों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में नगर के हज़ारों गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की।

कासगंज में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित हुआ दिव्य अलौकिक 'समर्पण समारोह'

ब्रह्माकुमारीज़ की अति. मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. जयन्ती दीदी ने कहा कि जब परमात्मा के प्यार की अनुभूति होने लगती है तो दुःख, परिस्थितियाँ, समस्यायें, सर्दी, गर्मी आदि कुछ भी विश्व कल्याण की राह में बाधा नहीं बन सकती। इसी राह पर चलते हुए इन 9 कन्याओं ने भी परमात्मा के कार्य में अपना सर्वस्व समर्पित करने का दृढ़ संकल्प किया है।

राजसमंद में उमंग-उत्साह से मनाया गया महाशिवरात्रि का त्योहार

यहां आने से मन को सुकून मिलता है- माहेश्वरी

राजसमंद-राज.। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा 88वीं शिव जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में माउण्ट आबू से आये ओमशान्ति मीडिया के सम्पादक डॉ. ब्र.कु. गंगाधर भाई ने कहा कि परमपिता परमात्मा शिव को हम भोलेनाथ भी कहते हैं। वे इतने भोले हैं कि हमसे कोई वस्तु-वैभव नहीं लेते बल्कि हममें निहित कड़वाहट, बुराइयां व कमियां लेकर हमें सुख-शांति प्रदान करते हैं। इसी की यादगार में मनुष्य महाशिवरात्रि पर शिवलिंग पर अक-धतूरे आदि के फूल अर्पित करते हैं। लेकिन परमात्मा को ऐसी कोई वस्तु नहीं चाहिए, उन्हें तो केवल हमारा सच्चा प्रेम चाहिए। तो इस महाशिवरात्रि आप भले उन्हें कुछ अर्पित करें या ना करें लेकिन उन्हें साक्षी मानकर कुछ श्रेष्ठ संकल्प करते हुए अपनी बुराइयों को त्याग कर अपना जीवन सफल बनाएं। उदयपुर सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु. रीटा दीदी ने कहा कि हमें सबको सुख देना है और अपने सच्चे दिल से परमात्मा को सामने रखते हुए प्रतिज्ञा करनी है कि आज से हम उनके बताये मार्ग पर चलकर प्रभु संदेश घर-घर पहुंचायेंगे। राजसमंद की विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि मैं बचपन से अपनी माता जी के साथ ज्ञान में चलती हूँ। उन्होंने ही मुझे रायजोग मेडिटेशन करना सिखाया। मैं परमात्मा शिव ज्योति बिंदु को देखती रहती हूँ जिससे मेरी एकाग्रता बढ़ती गई जो मेरी पढ़ाई में बहुत काम आई। उन्होंने कहा कि मुझे यहां आकर बहुत ऊर्जा मिलती है, सुकून मिलता है। यहां का वातावरण, बहनों की त्याग-तपस्या आकर्षित करती है। स्थानीय सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु. पूनम बहन ने सभी का धन्यवाद किया और ब्र.कु. गौरी बहन ने स्वागत किया।